आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 01.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की 100 वर्षो की यात्रा को सेवा और राष्ट्र निर्माण की अदभुत मिसाल बताया हैं श्री मोदी ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण ही आरएसएस का लक्ष्य हैं प्रधानमंत्री आज दिल्ली में अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र में आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह स्मरणोस्तव में बोल रहे थें उन्होंने आरएसएस के योगदान की सराहना करते हुए संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धाजंलि अर्पित कीं उन्होंने कहा कि आरएसएस का उद्‌देश्य राष्ट्र प्रथम है और ये संगठन सदैव राष्ट्र सेवा को सबसे ऊपर रखता हैं

....

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 100 रूपये का स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकिट जारी कियां संघ के सरकार्यवाह, दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संघ देश सेवा के लिए समाज के सभी वर्गों तक पहुँचने का विशेष प्रयास करेगां सभी के समन्वित प्रयासों से ही राष्ट्र यात्रा का अगला चरण समग्र विकास की ओर बढेगां केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि संघ ने अनुशासन और एकता के साथ हमेशा समाज को जोडने का काम किया हैं समर्पित सेवा से ही ये आज दुनिया का सबसे बडा सांस्कृतिक, सामाजिक संगठन बन गया हैं

0000

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद के बढोतरी अनुमानों को संशोधित कर 6 दशमलव 8 प्रतिशत कर दिया हैं इसने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान भी 2 दशमलव 6 प्रतिशत रखा है, जो पहले के अनुमान से कम हैं इस साल अगस्त में आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए 6 दशमलव 5 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर और 3 दशमलव 1 फीसदी मुद्रास्फीति का अनुमान लगाया थां इस बीच आरबीआई ने ब्याजदरों में कोई बदलाव नहीं किया हैं आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज मुंबई में चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा कीं श्री मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई ने अपनी रेपो दर को 5 दशमलव 5 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय लिया हैं

0000

केन्द्र सरकार के ग्रुप सी और गैर राजपत्रित ग्रुप बी कर्मचारियों को उत्पादकता संबंधी बोनस दिया जायेगां वित्त मंत्रालय ने इस बारे में आदेश जारी करते हुए तीस दिन के वेतन के बराबर एडहॉक बोनस देने की घोषणा कीं 2024–25 के लिए बोनस की राशि 6 हजार 908 रूपये तय की गई हैं

0000

जयपुर में पत्र सूचना कार्यालय और केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से कल हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गईं इस अवसर पर जगतगुरू रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के शास्त्री कोसलेंद्रदास ने कहा कि दुनियाभर में हिन्दी का वर्चस्व बढ रहा हैं संस्कृत के ज्ञान दर्शन और परम्पराओं को हिन्दी ने आगे बढाकर जन मानस से जोडा हैं पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि हिन्दी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक हैं सोशल मीडिया, फिल्मों और पत्रकारिता से हिन्दी भाषा का वैश्विक प्रभाव सशक्त हुआ हैं

0000

राज्य में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गईं मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 12 सेंटीमीटर बारिश जयपुर के विराटनगर में हुई वहीं धौलपुर के सरमथुरा में 11, सवाईमाधोपुर के बोली में 10 सेंटीमीटर पानी बरसां करौली, दौसा, अजमेर, धौलपुर, टोंक, नागौर, झुंझुनूं और जैसलमेर सहित अन्य कई जगह अच्छी बरसात हुईं मौसम विभाग ने कई स्थानों पर बारिश का सिलसिला 4 अक्टूबर तक बना रहने के आसार जताये हैं इस बीच करौली जिले में हुई तेज बारिश के बाद पांचना बांध का एक गेट खोलपुर पानी की निकासी की जा रही हैं

0000

दुर्गा नवमी का पर्व आज परम्परागत श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा हैं इसे महानवमी भी कहा जाता हैं इस दिन देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री रूप की पूजा की जा रही हैं कई स्थानों पर आज के दिन कन्या पूजन अनुष्ठान भी किया जाता हैं

00000